# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**E.mail :**registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांकः सम्बद्धता/2516/2026–27 दिनांक

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।

विषयः– **सेवा संकल्प अभियान के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः 885/सत्तर–3–2026–2087049, दिनांक 03.09.2026 एवं शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के कार्यालय पत्रांकः डिग्री विकास/1568/2026–278, दिनांक 12.09.2026 एवं सेवा संकल्प अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 08.09.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि आप सेवा संकल्प अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक के कार्यवृत दिनांक 08.09.2026 में उल्लिखित दिशा निर्देशों के आलोक में निम्नलिखित कार्यक्रमों के सन्दर्भ में कार्यवाही करते हुए शासन के निर्देशों के क्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

01. आर्शीवाद का दीया
02. कहानी बदलाव की
03. सेवा मेरा योगदान
04. सेवा रंग
05. सेवा सेतु अभियान

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
02. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव

प्रेषक,

**ई – मेल**

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

पत्रांक:- डिग्री विकास/ **1568** /2026 – 27 दिनांक – **12/ 09/2026**

**विषय – सेवा संकल्प अभियान के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 885/सत्तर – 3 – 2026 – 2087049 दिनांक 03 सितम्बर, 2026 एवं सेवा संकल्प अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 08.09.2026 के कार्यवृत्त का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना है।

उक्त के सम्बन्ध में आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि शासन के पत्र एवं कार्यवृत्त में दिये गये निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक – यथोक्त।**

भवदीय,

12/9/26

**डॉ0 (ज्ञान प्रकाश वेर्मा)**
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ **1568 – 70** /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों में उक्त निर्देश के क्रम में कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

12/9/26

**डॉ0 (ज्ञान प्रकाश वेर्मा)**
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

**संख्या- 885 /सत्तर-3-2026- 2087049**

प्रेषक,

**शकील अहमद सिद्दीकी,**
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. **कुलपति,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

2. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

**उच्च शिक्षा अनुभाग-3** **लखनऊ: दिनांक 03 सितम्बर, 2026**

**विषयः सेवा संकल्प अभियान के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संलग्न सेवा संकल्प अभियान की कार्ययोजना का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कतिपय कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना है।

2- उक्त कार्ययोजना के क्रमांक-2, 9 एवं 12 से सम्बन्धित बिन्दुओं पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कार्यवाही की जानी है।

3- उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने से सम्बन्धित बिन्दुओं पर कार्ययोजना में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

Digitally signed by SHAKIL AHMAD SIDDIQUI
(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव।
Date: 03-09-2026 18:52:00

**संख्या एवं दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
3. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

आज्ञा से,
**(शकील अहमद सिद्दीकी)**
संयुक्त सचिव।

# सेवा संकल्प अभियान

## 17 सितंबर – 17 अक्टूबर 2026

मानननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना

**13 प्रमुख कार्यक्रम | त्रिस्तरीय समन्वय ढाँचा | राज्यव्यापी डेटा-बैंक**

# अभियान का मूल भाव एवं दृष्टि

## 25 वर्षों की अविरल जनसेवा का सम्मान

**सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण :** माननीय प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल में नीतिगत सुधारों, जनकल्याणकारी कार्यों व देश-प्रदेश में आए ऐतिहासिक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाना और आम जन स्मृति में स्थायित्व प्रदान करना।

**डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां :** केन्द्र सरकार के 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों से जनजीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत करना

**विकसित भारत 2047:** युवा, महिला, किसान और वंचित वर्ग को आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना।



# अभियान एक दृष्टि में

## *कार्ययोजना के चार स्तंभ*

I

### त्रिस्तरीय समन्वय ढाँचा

शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जिला स्तर पर नोडल व्यवस्था; साप्ताहिक समीक्षा

II

### डेटा संकलन एवं डिजिटलीकरण

केंद्र के 12 एवं राज्य के 10 वर्षों का त्रिस्तरीय डेटा-बैंक; परिवर्तनकारी स्थल; रील बैंक; राज्य पोर्टल।

III

### 13 प्रमुख कार्यक्रम

आशीर्वाद का दीया से जनसेवा महाकुंभ तक — 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक निरंतर आयोजन।

IV

### अन्य विशेष कार्यक्रम

प्रमुख स्मारकों पर लेजर शो, महायज्ञ एवं प्रार्थना सभाएँ, ग्राम चौपाल एवं सीधा संवाद।

| 13 | 31 | 400–500 | 150 | 25 लाख |
|---|---|---|---|---|
| प्रमुख कार्यक्रम | दिन का अभियान | सांस्कृतिक टोलियाँ | डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स | लाभार्थी कहानियाँ |

# त्रिस्तरीय प्रशासनिक एवं संगठनात्मक समन्वय ढाँचा

*सफल, समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु नोडल व्यवस्था*

## 1 शासन स्तर

- श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा: राज्य स्तरीय नोडल
- प्रमुख सचिव, नियोजन- वरिष्ठ प्रशासनिक नोडल अधिकारी: अंतर्विभागीय समन्वय, जनपद स्तर पर कार्यान्वयन का अनुश्रवण एवं राज्य स्तर पर डेटा संग्रहण

## 2 मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर

- मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना
- सचिव, मा० मुख्यमंत्री — नोडल अधिकारी
- कार्यक्रम की दैनिक प्रगति से मा० मुख्यमंत्री जी को अवगत कराना

## 3 जिला स्तर

- प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।
- संपूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का उत्तरदायित्व

## समीक्षा एवं पूर्व-तैयारी

**साप्ताहिक समीक्षा —** प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की विधिवत साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

# डेटा संकलन एवं डिजिटलीकरण (डेटा-बैंक)

*केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों की उपलब्धियों का प्रामाणिक संकलन*

### त्रिस्तरीय संकलन — विधानसभा-वार, विकासखंड-वार एवं ग्राम पंचायत-वार

- केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के पिछले 10 वर्षों में किए गए समस्त **विकास कार्यों** एवं **जनकल्याणकारी योजनाओं** का विधानसभा-वार, विकासखंड-वार एवं ग्राम पंचायत-वार विस्तृत विवरण **(कार्यवाही : संबंधित विभाग)**
- प्रत्येक लाभार्थीपरक योजना के **लाभार्थियों की विधानसभा-वार, ब्लॉक-वार एवं ग्राम पंचायत-वार अद्यतन सूची** — कोविड टीकाकरण सहित समस्त योजनाओं का कवरेज **(कार्यवाही : संबंधित विभाग)**

### वीडियो व रील डेटा-बैंक

- विकास योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों से आए सकारात्मक बदलावों पर 'पहले और बाद' (Before & After) के फोटो, वीडियो, ड्रोन फुटेज एवं रील्स का स्थायी डेटा-बैंक
- युवाओं को रील्स बनाने हेतु प्रेरित करना, उनका संकलन करना, उत्कृष्ट रील्स चिह्नित करना एवं सोशल मीडिया पर साझा करना

### राज्य स्तरीय पोर्टल का विकास

- अभियान के दौरान प्रत्येक स्तर के कार्यक्रमों के विवरण एवं प्रगति को फोटो व वीडियो सहित अपलोड करने हेतु राज्य स्तर पर पोर्टल विकसित किया जाएगा
- प्रत्येक दिन की प्रगति दैनिक रूप से इस पोर्टल पर दर्ज की जाएगी **(कार्यवाही : आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग)**

# महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं परिवर्तनकारी स्थलों का संकलन

*डेटा-बैंक का अभिन्न अंग — प्रत्येक श्रेणी का जनपदवार अभिलेखन*

### 1 प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक स्थल

श्री काशी विश्वनाथ धाम, श्री राम जन्मभूमि मंदिर (अयोध्या) एवं अन्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों, स्मारकों एवं धरोहरों का पुनर्विकास एवं जीर्णोद्धार।

### 2 अवस्थापना एवं कनेक्टिविटी

पूर्वांचल, बुंदेलखंड एवं गंगा एक्सप्रेसवे, निर्माणाधीन/प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल नेटवर्क, नए एयरपोर्ट्स, प्रेरणा स्थल, लखनऊ आदि।

### 3 शिक्षा एवं कौशल

नए राज्य विश्वविद्यालय, आयुष विश्वविद्यालय; कायाकल्प एवं अलंकार योजना के अंतर्गत संवारे गए स्कूल-कॉलेज; राजकीय ITI व पॉलिटेक्निक; अटल आवासीय विद्यालय; नए केंद्रीय एवं सैनिक स्कूल; सीएम कम्पोजिट विद्यालय।

### 4 स्वास्थ्य एवं खेल

नए मेडिकल कॉलेज, एम्स, खेल विश्वविद्यालय एवं अन्य आधुनिक खेल स्टेडियम।

### 5 पंचायती राज एवं सुशासन

ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन, डिजिटल लाइब्रेरी, उत्सव भवन, अमृत सरोवर, पार्क, ओपन जिम आदि।

### 6 ODOP

एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) तथा स्थानीय उद्यमियों व लाभार्थियों की सक्सेस स्टोरी;

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भूमिका

*संपूर्ण अभियान के दौरान सूचना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी*

### 1 मीडिया कवरेज

राज्य स्तर एवं स्थानीय स्तर पर समस्त कार्यक्रमों का मीडिया के सभी माध्यमों में प्रभावी कवरेज सुनिश्चित करना।

### 2 सफलता की कहानियाँ

सफलता की कहानियों का मीडिया में अधिक से अधिक प्रसार; युवाओं एवं विभागों द्वारा बनाई गई बदलाव की कहानियों पर आधारित रील्स का व्यापक प्रसारण।

### 3 प्रिंट मीडिया समन्वय

राज्य एवं जिला स्तर के समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं तथा विभिन्न संस्थानों की पत्रिकाओं के साथ समन्वय कर अभियान को जन-जन तक जोड़ना।

### 4 लेख एवं साक्षात्कार

केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रभावी लेख एवं साक्षात्कार आदि की योजना बनाकर लागू करना।

### 5 सोशल मीडिया कार्ययोजना

सोशल मीडिया हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करना तथा ऑर्गेनिक इन्फ्लुएंसर्स के प्रभावी जुड़ाव की योजना बनाना।

### 6 इन्फ्लुएंसर्स का प्रबंधन

अन्य राज्यों से आने वाले इन्फ्लुएंसर्स को सक्सेस स्टोरी एवं प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराने की व्यवस्था शासन द्वारा; प्रदेश से बाहर जाने वाले इन्फ्लुएंसर्स की सूची तैयार कर उनसे वार्ता करना।

# प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना

*13 कार्यक्रम — उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ, दायित्व एवं क्रियान्वयन रणनीति*

1. **आशीर्वाद का दीया**
   17 सितंबर, सायं 7:00
2. **25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत**
   17 सितंबर – 7 अक्टूबर
3. **नमो सेवा गाथा**
   नुक्कड़ नाट्य मंचन
4. **आंगन का उत्सव**
   25 सितंबर – 7 अक्टूबर
5. **कहानी बदलाव की**
   डिजिटल व रील अभियान
6. **विकसित भारत संकल्प यात्रा**
   इन्फ्लुएंसर्स कनेक्ट
7. **सेवा ज्योति यात्रा**
   7 अक्टूबर
8. **वडनगर से वाराणसी यात्रा**
   जल, जन और सेवा संकल्प
9. **सेवा मेरा योगदान**
   17 सितंबर – 17 अक्टूबर
10. **सेवा सेतु अभियान**
    सरकार आपके द्वार
11. **रंगोली राष्ट्र**
    घर-घर से राष्ट्र तक
12. **राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज**
    5 राष्ट्रीय केंद्र
13. **जनसेवा महाकुंभ**
    17 अक्टूबर

# 1 आशीर्वाद का दीया

*17 सितंबर 2026, सायं 7:00 बजे*

**उद्देश्य** **25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना और विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक दीप प्रज्वलित करना।**

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड में दिन में दिव्यांग कल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए जाए।
- केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित परिवार द्वारा सायं 7 बजे अपने घर में दीप प्रज्वलन करेंगे
- सभी विभागों के लाभार्थियों की सूची ब्लॉक / ग्राम पंचायत, वार्ड/ मोहल्ला स्तर पर तैयार कराई जाए
- प्रदेश के सभी प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, नदी घाटों, प्रमुख मंदिरों, पार्कों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों में विशेष दीप प्रज्वलन
- माननीय मुख्यमंत्री जी, मंत्रीगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधि, इन्फ्लुएंसर एवं आम नागरिक #आशीर्वाद_का_दीया हैशटैग के साथ फोटो/वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करेंगे

**संबंधित विभाग एवं सहभागी**

**नोडल विभाग (ग्रामीण क्षेत्र)**
**पंचायती राज विभाग**

**नोडल विभाग (शहरी क्षेत्र)**
**नगर विकास विभाग**

**अन्य विभाग: समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं वाले विभाग; अवस्थापना से संबंधित विभाग; सूचना विभाग**

# 2 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत

*17 सितंबर – 7 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** बच्चों की कल्पना के माध्यम से 25 वर्षों के सेवा कार्य एवं विकसित भारत की संकल्पना को प्रत्येक परिवार तक पहुँचाया जाना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- स्तर 1 (विद्यालय): प्रत्येक शासकीय एवं निजी विद्यालय में कक्षा 5–8 हेतु ड्राइंग तथा कक्षा 9–12 हेतु भाषण प्रतियोगिता; विद्यालय/ ब्लॉक स्तर की ड्राइंग प्रदर्शनी में अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे
- स्तर 2 (जिला): सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग्स का चयन करते हुए जिला स्तरीय प्रदर्शनी, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे
- स्तर 3 (राज्य): राज्य स्तरीय भव्य प्रदर्शनी, जिसमें मा० मंत्रीगण उपस्थित रहेंगे
- उच्च शिक्षा संसाधनों में intellectuals का युवाओं से संवाद तथा विकसित भारत-विकसित उप्र की थीम पर वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।
- प्रतियोगिताओं में अभिभावकों एवं ग्रामीणों / नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:**
माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग

**सहभागी:** स्थानीय जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि

# 3 नमो सेवा गाथा

*नुक्कड़ नाट्य मंचन*

**उद्देश्य** 25 वर्षों के सेवा कार्य, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं एवं देश में आए बदलाव की कहानी को सरल, भावनात्मक एवं संगीतपूर्ण नाटक के माध्यम से गाँव-गाँव एवं शहर तक पहुँचाना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- 25 से 30 मिनट की मानकीकृत रिकॉर्डेड प्ले / ऑडियो, जो केंद्र से उपलब्ध कराया जाएगा, पर आधारित सांस्कृतिक नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति
- संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में 400 से 500 सांस्कृतिक टोलियों का गठन
- ग्राम पंचायत स्तर, सामुदायिक केंद्रों एवं विद्यालयों सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मंचन
- 2 अक्टूबर को प्रदेश के प्रमुख स्थलों पर विशेष एवं व्यापक मंचन

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** संस्कृति विभाग

**अन्य विभाग एवं संस्थान:**
युवा कल्याण विभाग,
ललित कला संस्थान,
भारतेन्दु नाट्य अकादमी,
भातखंडे संस्कृति विश्विद्यालय
पंचायती राज विभाग,
नगर विकास विभाग आदि

# 4 आंगन का उत्सव

*25 सितंबर – 7 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सार्वजनिक सम्मान तथा माताओं तक पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में पहुँचाना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 दिवसीय उत्सव एवं संवाद कार्यक्रम
- आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं उत्कृष्ट लाभार्थी माताओं का सार्वजनिक सम्मान
- 25 वर्षों में महिला एवं बाल विकास नीतियों से आए बदलावों की सरल भाषा में जानकारी
- हेल्थी बेबी प्रतियोगताओं का आयोजन
- बच्चों को कॉमिक बुक्स, पौष्टिक फल एवं मिठाई का वितरण
- अतिरिक्त पोषाहार / सामग्री वितरण की व्यवस्था

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** महिला, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग

**अन्य विभाग:** स्वास्थ्य विभाग आदि

# 5 कहानी बदलाव की

*डिजिटल व रील अभियान*

**उद्देश्य** **सरकार की योजनाओं से जिन नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, ऐसे नागरिकों की वास्तविक कहानी देश के सामने लाना।**

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रदेश की वृहद अवस्थापना एवं जनोपयोगी परियोजनाओं / योजनाओं से 25 लाख लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर 60 सेकंड की रील्स
- लाभार्थियों से छोटे एवं सरल वीडियो रिकॉर्ड कराना, जिनमें नाम, स्थान, जिला, योजना दर्ज हो — 60 सेकंड की कहानी बनाने हेतु प्रेरित करना
- ग्राम स्तर से राज्य स्तर पर समस्त विभागों की योजनाओं एवं परियोजनाओं से हुए बदलाव के रील बनाई जाए एवं युवाओं को बनाने के लिए प्रेरित किया जाए।
- आवास, शौचालय, स्कूल, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, लाइब्रेरी, उत्सव भवन से लेकर एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट्स, इनलैंड पोर्ट, मेट्रो, RRTS, विश्विद्यालय आदि
- माननीय मुख्यमंत्री जी, मा० मंत्रीगण, मा० विधायकगण एवं लाभार्थी स्वयं रील बनाकर आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करेंगे

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग

**अन्य विभाग:** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, एमएसएमई विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, कल्याणकारी योजनाओं वाले समस्त विभाग

**समस्त जनप्रतिनिधि**

# 6 विकसित भारत संकल्प यात्रा

## *इन्फ्लुएंसर्स कनेक्ट*

**उद्देश्य** **प्रदेश के इन्फ्लुएंसर एवं डिजिटल कंटेंट क्रिएटर को उन स्थानों पर ले जाना जहाँ बड़े बदलाव परिलक्षित हो रहे हैं, ताकि वे स्वयं देखकर उसकी कहानी देश को बताएँ।**

### मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- 150 प्रमुख डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स, पॉडकास्टर्स एवं व्लॉगर्स को प्रदेश के विभिन्न अंचलों एवं परिवर्तनकारी परियोजनाओं का भ्रमण कराना
- विकास स्थलों के 'पहले और बाद' के वास्तविक संदर्भ का अध्ययन कर प्रामाणिक कंटेंट, वीडियो एवं पॉडकास्ट का निर्माण तथा प्रसारण
- प्रमुख स्थलों एवं परियोजनाओं का चयन कर टीमें भेजने की व्यवस्था — उदाहरणार्थ प्रेरणा स्थल, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, BIDA झाँसी, राम मंदिर, काशी कॉरिडोर, खेल विश्वविद्यालय मेरठ, महिला पुलिस अकादमी, डिफेंस कॉरिडोर, उत्तर प्रदेश राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान (UPSIFS) लखनऊ आदि
- अन्य राज्यों से आने वाले इन्फ्लुएंसर्स को सक्सेस स्टोरी एवं प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जाना।
- प्रदेश से बाहर जाने वाले इन्फ्लुएंसर्स की सूची तैयार करनी है तथा उनसे वार्ता की जानी है

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** सूचना विभाग

**अन्य विभाग:** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग; पर्यटन, धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति विभाग तथा वे समस्त विभाग जहाँ शासकीय परियोजनाओं से व्यापक बदलाव आया है

# 7 सेवा ज्योति यात्रा

*7 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना और विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लेना; ज्योति सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा की पहचान बने।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रत्येक जनपद के एक प्रमुख चौराहे पर स्थायी / अखंड 'सेवा ज्योति' की स्थापना का प्रयास
- जनपद के विभिन्न कोनों से पैदल, साइकिल एवं बाइक रैलियों का मुख्य चौराहे पर आगमन
- बड़ी एलईडी स्क्रीन पर माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण
- 'विकसित भारत 2047' का सामूहिक संकल्प
- सफ़ाई, स्वच्छता एवं भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जाए।

**संबंधित विभाग:**
जिला प्रशासन,
पुलिस विभाग,
युवा कल्याण विभाग,
खेल विभाग

**सहभागी**
सामाजिक संगठन आदि

# 8 वडनगर से वाराणसी यात्रा

*जल, जन और सेवा संकल्प*

**उद्देश्य** पवित्र जल के आदान-प्रदान के माध्यम से प्रधानमंत्री जी की जन्मभूमि और कर्मभूमि को जोड़ना तथा मार्ग के गाँवों में सेवा और विकास पर सहज संवाद करना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- वाराणसी से 250 बाइक एवं 500 यात्री गंगाजल लेकर वडनगर जाएँगे
- कुल 20 टोलियाँ — 10 टोली वडनगर से काशी तथा 10 टोली काशी से वडनगर — 10 भिन्न मार्गों से प्रस्थान करेंगी
- प्रत्येक टोली के साथ आधुनिक LED वाहन, प्रचार सामग्री एवं संवाद टीम होगी
- गुजरात की पवित्र नदियों व शर्मिष्ठा तालाब के जल से काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक तथा काशी के गंगाजल से वडनगर के हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक
- प्रतिदिन 60–80 ग्रामीण / शहरी पड़ावों पर जनसंवाद एवं योजनाओं का प्रचार
- उत्तर प्रदेश में यात्रा के फ्लैग-ऑफ / समापन सत्र में मा० मुख्यमंत्री जी

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

संस्कृति विभाग, गृह विभाग, जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग, सूचना विभाग आदि

# 9 सेवा मेरा योगदान

*17 सितंबर – 17 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** **प्रत्येक नागरिक 25 वर्षों के 25 सेवा कार्यों में से किसी एक से जुड़कर समाज सेवा में अपना योगदान दे।**

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- 25 निर्धारित सेवा गतिविधियों में व्यापक जन सहभागिता — स्वच्छता अभियान, नदी घाट सफाई, सघन वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, वंचित बच्चों को शिक्षा सहयोग, करियर काउंसलिंग, अंगदान संकल्प, नशा मुक्त भारत, मतदाता जागरूकता, वोकल फॉर लोकल, गौशाला, स्कूल एवं सरकारी योजनाओं की जागरूकता आदि
- प्रत्येक विधानसभा में न्यूनतम 2 स्थलों का कायाकल्प (Visible Facelifting)
- नागरिक कम से कम 25 मिनट श्रमदान कर My Bharat Portal पर वीडियो / तस्वीर अपलोड कर डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त करेंगे ।

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**संबंधित विभाग:** नगर विकास, पंचायती राज विभाग, **स्वास्थ्य**, **जिला प्रशासन**, समस्त शिक्षा विभाग आदि

**सहभागी**

**NCC**
**NSS**
**My Bharat Volunteers**
**Reputed NGOs**

# 10 सेवा सेतु अभियान — सरकार आपके द्वार

## *विकासखंड स्तरीय 7 दिवसीय शिविर*

**उद्देश्य** **नागरिक से लाभार्थी तक, एक ही स्थान पर: प्रत्येक नागरिक को सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाए बिना मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिले।**

### मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रत्येक विकासखंड स्तर पर 7 दिवसीय बहुउद्देशीय सेवा शिविरों / स्टॉल्स का आयोजन
- इस अवसर पर स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया जाएगा
- केंद्र एवं राज्य की समस्त योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध
- ऑन-द-स्पॉट फॉर्म भरना एवं पात्रता सत्यापन
- शिविर के अंत तक योजना के अंतर्गत पात्रता के आधार पर स्वीकृति: 100% सैचुरेशन का लक्ष्य

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

संबंधित विभाग
राजस्व विभाग
पुलिस विभाग
समाज कल्याण विभाग
पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
महिला एवं बाल विकास विभाग
दिव्यांग कल्याण विभाग
ग्राम्य विकास विभाग
पंचायती राज विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

तथा समस्त सेवा प्रदाता विभाग

# 11 रंगोली राष्ट्र एवं घर-घर से राष्ट्र तक

*ह्यूमन रंगोली एवं भारत मंडल*

**उद्देश्य** आभार और संकल्प की रंगोली, जिसमें प्रधानमंत्री जी की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक और विकसित भारत का सपना दर्शाया जाए।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- चिन्हित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 108 मीटर व्यास का 'भारत मंडल' एवं भव्य ह्यूमन रंगोली का निर्माण
- थीम — प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047
- केवल प्राकृतिक सामग्री का उपयोग — फूल, प्राकृतिक रंग, अनाज एवं मिट्टी
- ड्रोन एवं एरियल कवरेज

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

सहभागी: महिला स्वयं सहायता समूह (SHG)
स्थानीय कलाकार
युवा वर्ग

# 12 राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज

*देश के 5 प्रमुख केंद्रों पर आयोजन*

**उद्देश्य** **देश के युवाओं, विद्यार्थियों , स्टार्टअप , प्रोफेशनल , कॉर्पोरेट इनोवेटर तथा जमीनी स्तर पर नए समाधान विकसित करने वाले लोगों को एक मंच पर जोड़ना।**

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- देश के 5 प्रमुख केंद्रों (दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, महाराष्ट्र, गुजरात) पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी
- राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, ITI एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में छात्रों का व्यापक ओरिएंटेशन एवं मोटिवेशन
- प्रत्येक केंद्र पर उस क्षेत्र के श्रेष्ठ इनोवेटर आमंत्रित हों; शिक्षा संस्थान, स्टार्टअप नेटवर्क, इनक्यूबेशन सेंटर एवं निजी कंपनियाँ सहभागी बनें
- ऑनलाइन आवेदन से चयन; चयनित इनोवेटर जूरी एवं विशेषज्ञों के समक्ष अपना समाधान प्रस्तुत करें
- प्रत्येक केंद्र से श्रेष्ठ इनोवेशन राष्ट्रीय अंतिम चरण के लिए चुने जाएँ
- कार्यक्रम में प्रदर्शनी, लाइव डेमो, युवा संवाद, विशेषज्ञ सत्र एवं पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ
- प्रत्येक केंद्र पर स्थानीय स्थिति अनुसार एक विशेष सार्वजनिक आकर्षण — जैसे ह्यूमन

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

संबंधित विभाग: आई.टी. विभाग प्राविधिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, व्यावसायिक शिक्षा विभाग

सहभागी:
स्टार्टअप सेल

# 13 जनसेवा महाकुंभ — पंचायत से पार्लियामेंट

*17 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** **देश भर से आए प्रधान / सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि सुशासन और सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री जी का सम्मान करें और विकसित भारत का संकल्प लें।**

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- ग्राम प्रधान / सरपंच से लेकर संसद सदस्यों (सांसदों) तक के जनप्रतिनिधियों का राष्ट्रीय समागम
- माननीय प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सेवा कार्यकाल पर अभिनंदन प्रस्ताव पारित करना
- 1.25 लाख प्रतिनिधियों द्वारा वंदे मातरम् का सामूहिक गान एवं 2047 विकसित भारत का संकल्प
- सभी 1.25 लाख जनप्रतिनिधियों द्वारा वंदे मातरम् का गायन कर गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाएगा
- 25 वर्षों के सेवाकाल पर वीडियो प्रदर्शन; सेवा कार्यों एवं विकसित भारत के संकल्प पर प्रस्ताव वरिष्ठ मा० केंद्रीय मंत्रीगण प्रस्तुत करेंगे और सभी प्रतिनिधि एक स्वर में समर्थन करेंगे
- सरपंच से संसद तक लगभग 10 जनप्रतिनिधियों के अनुभव कथन, जिसमें महिला एवं युवा सहित सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

संबंधित विभाग: पंचायती राज विभाग
संसदीय कार्य विभाग

सहभागी
समस्त जनप्रतिनिधि

# अन्य विशेष कार्यक्रम

*अभियान के 13 प्रमुख कार्यक्रमों के अतिरिक्त*

1

### प्रमुख स्मारकों पर लेजर शो

नमो सेवा की थीम पर प्रदेश के ऐतिहासिक एवं लोकप्रिय स्मारकों / पर्यटक स्थलों का चयन कर 25 वर्षों की ऐतिहासिक विकास यात्रा को दर्शाने वाले भव्य लेजर शो का आयोजन किया जाएगा।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग

2

### महायज्ञ एवं प्रार्थना सभाएँ

प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों एवं शक्तिपीठों में राष्ट्र कल्याण, शांति एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु महायज्ञ एवं विशेष अनुष्ठान का आयोजन ।

धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति विभाग

3

### ग्राम चौपाल एवं सीधा संवाद

ग्रामीण स्तर पर चौपालों का आयोजन कर योजनाओं की 100% पहुँच सुनिश्चित करना तथा जनता से सीधा फीडबैक एवं सुझाव संकलित करना।

पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग

# अभियान समयरेखा

*प्रमुख तिथियाँ एवं आयोजन*

| 10 सितंबर तक | 17 सितंबर | 25 सितंबर – 7 अक्टूबर | 2 अक्टूबर | 7 अक्टूबर | 17 अक्टूबर |
|---|---|---|---|---|---|
| तैयारी एवं कार्य योजना बैठक; समस्त जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण<br><br>डेटा-बैंक एवं **लाभार्थी सूची की तैयारी** | अभियान का शुभारंभ - **आशीर्वाद का दीया** (सायं 7:00);<br>**- 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत** तथा **-सेवा मेरा योगदान** का प्रारंभ | **आंगन का उत्सव**<br><br>— प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 दिवसीय आयोजन | **नमो सेवा गाथा**<br><br>— प्रदेश के प्रमुख स्थलों पर विशेष एवं व्यापक मंचन | **सेवा ज्योति यात्रा**<br><br>— प्रत्येक जनपद के प्रमुख चौराहे पर सेवा ज्योति की स्थापना एवं सामूहिक संकल्प | **जनसेवा महाकुंभ**<br><br>— पंचायत से पार्लियामेंट; अभियान का समापन |

## निरंतर चलने वाले कार्यक्रम (17 सितंबर – 17 अक्टूबर)

सेवा मेरा योगदान • कहानी बदलाव की • सेवा सेतु अभियान • विकसित भारत संकल्प यात्रा • वडनगर से वाराणसी यात्रा • नमो सेवा गाथा • रंगोली राष्ट्र • राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज • लेजर शो, महायज्ञ एवं ग्राम चौपाल

# धन्यवाद

मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के दृष्टिगत दिनांक 17 सितंबर–17 अक्टूबर, 2026 तक विभिन्न 12 कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ किया जाना है।

मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश दिये गये कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत क्रियान्वित किये जाने वाले 12 कार्यक्रमों में से 05 कार्यक्रमों में उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। उक्त कार्यक्रम निम्नवत हैं -

1. **आशीर्वाद का दीया**
2. **कहानी बदलाव की**
3. **सेवा मेरा योगदान**
4. **सेवा रंग**
5. **सेवा सेतु अभियान**

| **क्रमांक** | **कार्यक्रम** | **तिथि/अवधि** | **प्रमुख गतिविधियां** |
|---|---|---|---|
| **1.** | आशीर्वाद का दीया | 17 सितम्बर सायं 07:00 बजे | दीप प्रज्वलन कार्यक्रम |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में आवास स्थल एवं कार्यस्थल/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

| **क्रमांक** | **कार्यक्रम** | **तिथि/अवधि** | **प्रमुख गतिविधियां** |
|---|---|---|---|
| **2.** | कहानी बदलाव की | - | डिजिटल व रील अभियान |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 साल के जनप्रतिनिधित्व काल की 25 कहानियों को डिजिटल व रील के माध्यम से क्रियान्वित कराना सुनिश्चित करें। मा0 मंत्री जी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विगत 09 वर्षों में अवस्थापना, शिक्षण पद्धति के माध्यम से आये हुए बदलाव पर छात्र/छात्राओं का मत लेकर डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि/अवधि | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| **3.** | सेवा मेरा योगदान | 17 सितम्बर-17 अक्टूबर | जनभागीदारी अभियान |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कैंपस एवं महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाय। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर के सौदर्यीकरण हेतु युवा सहभागिता सुनिश्चित की जाय। वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करके युवा सहभागिता सुनिश्चित की जाय।

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|
| **4.** | **सेवा चित्र/सेवा रंग** | जनभागीदारी अभियान<br>• चिन्हित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 108 मीटर व्यास का 'भारत मंडल' एवं भव्य ह्यूमन रंगोली का निर्माण<br>• थीम-प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कैंपस एवं महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 से आच्छादित रंगोली का निर्माण छात्र-छात्राओं के सहयोग से किया जायेगा।

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|
| **5.** | **सेवा सेतु अभियान** | केन्द्र एवं राज्य की समस्त योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना। |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लाभार्थी तक ऑन द स्पाट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

- उक्त 05 कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने हेतु प्रदेश स्तर पर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। तत्क्रम में समस्त राज्य विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय स्व-स्तर पर कार्यक्रमवार नोडल अधिकारी नामित कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक नोडल अधिकारी अपने से सम्बन्धित कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाकर उक्त कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित करें।

**मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 08.09.2026 का कार्यवृत्त:-**

---

उक्त बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया-

1) श्री एम0पी0 अग्रवाल, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2) श्रीमती निधि श्रीवास्तव, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3) श्री बी0एन0 सिंह, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4) श्री सर्वेश कुमार सिंह, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5) श्री राम जन्म चौहान, उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6) श्रीमती मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उत्तर प्रदेश शासन।
7) निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
8) श्री ज्ञान प्रकाश वर्मा, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज।
9) श्री अजीत सिंह, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज।
10) श्री अवनीश गौतम, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज।
11) प्रो0 डी0सी0 शर्मा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
12) डॉ0 दिनेश कुमार, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
13) कुलपति/कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0 द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।
14) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

2- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के दृष्टिगत दिनांक 17 सितंबर–17 अक्टूबर, 2026 तक विभिन्न 12 कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ किया जाना है।

3- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश दिये गये कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत क्रियान्वित किये जाने वाले 12 कार्यक्रमों में से 05 कार्यक्रमों में उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। उक्त कार्यक्रम निम्नवत हैं -

**1. आशीर्वाद का दीया**
**2. कहानी बदलाव की**
**3. सेवा मेरा योगदान**
**4. सेवा रंग**
**5. सेवा सेतु अभियान**

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि/अवधि | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 1. | आशीर्वाद का दीया | 17 सितम्बर सायं 07:00 बजे | दीप प्रज्वलन कार्यक्रम |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में आवास स्थल एवं कार्यस्थल/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि/अवधि | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 2. | कहानी बदलाव की | - | डिजिटल व रील अभियान |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 साल के जनप्रतिनिधित्व काल की 25 कहानियों को डिजिटल व रील के माध्यम से क्रियान्वित कराना सुनिश्चित करें। मा0 मंत्री जी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विगत 09 वर्षों में अवस्थापना, शिक्षण पद्धति के माध्यम से आये हुए बदलाव पर छात्र/छात्राओं का मत लेकर डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि/अवधि | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 3. | सेवा मेरा योगदान | 17 सितम्बर-17 अक्टूबर | जनभागीदारी अभियान |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कैंपस एवं महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाय। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर के सौदर्यीकरण हेतु युवा सहभागिता सुनिश्चित की जाय। वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करके युवा सहभागिता सुनिश्चित की जाय।

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|
| 4. | **सेवा रंग** | जनभागीदारी अभियान<br>• चिन्हित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 108 मीटर व्यास का 'भारत मंडल' एवं भव्य ह्यूमन रंगोली का निर्माण<br>• थीम-प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कैंपस एवं महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 से आच्छादित रंगोली का निर्माण छात्र-छात्राओं के सहयोग से किया जायेगा।

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|
| 5. | सेवा सेतु अभियान | केन्द्र एवं राज्य की समस्त योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना। |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लाभार्थी तक ऑन द स्पाट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

- सूच्य है कि शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-886/सत्तर-3-2026-2087049, दिनांक 03 सितम्बर, 2026 को अवक्रमित करते हुए उक्त 05 कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने हेतु प्रदेश स्तर पर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। तत्क्रम में समस्त राज्य विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय स्व-स्तर पर कार्यक्रमवार नोडल अधिकारी नामित कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक नोडल अधिकारी अपने से सम्बन्धित कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाकर उक्त कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित करें।
- उक्त कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भारत सरकार से प्राप्त पायलट वीडियो के आधार पर क्रियान्वयन किया जाना।

4- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बैठक में नशा मुक्ति अभियान पर भी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को निर्देश दिये गये। मा0 मंत्री जी द्वारा निर्देश दिये गये कि नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में निदेशक, उच्च शिक्षा नोडल अधिकारी होंगे। तत्क्रम में प्रत्येक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाय। मा0 मंत्री जी अवगत कराया गया कि यह अभियान आगामी 02 वर्षों तक चलता रहेगा। मा0 मंत्री जी द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर को नशा मुक्त परिसर स्थापित किये जाने हेतु कतिपय निर्देश दिये गये, जो कि निम्नवत हैं :-

(1) सप्ताह में प्रोफेसर्स द्वारा एक व्याख्यान नशा मुक्त अभियान पर दिया जाय।

(2) कक्षाएं प्रारंभ करने से पूर्व प्रोफेसर्स द्वारा छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी जाय।

(3) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति अभियान के क्रम में होर्डिंग/बैनर लगाये जायें।

5- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बैठक में नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक थाम हेतु कतिपय निर्देश दिये गये -

- नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में बुकलेट प्रकाशित किये जाने हेतु श्री ज्ञान प्रकाश वर्मा, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उक्त बुकलेट में नशा मुक्ति से सम्बन्धित विभिन्न चित्रों-पेपर कटिंग, सोशल मीडिया कवरेज आदि का संकलन किया जाना है।

- विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर में स्थापित छात्रावासों में वार्डन/प्रोक्टोरियल बोर्ड द्वारा औचक निरीक्षण किया जाय।
- मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर को नशा मुक्त किये जाने हेतु शिक्षा को "संस्कार युक्त शिक्षा" प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अत: मा0 प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर शैक्षणिक संस्थानों को नशा मुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by
(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव।
Date: 11.09.2026 18:27:33

**उत्तर प्रदेश शासन**
**उच्च शिक्षा अनुभाग-3**
**संख्या-910 /सत्तर-3-2026-2087049**
**लखनऊ: दिनाँक: 11 सितम्बर, 2026**

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-</u>**

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
2-निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र 0शासन।
3- निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
5- कुलसचिव/समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
6- अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, उ0प्र0।
7- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,
**(शकील अहमद सिद्दीकी)**
संयुक्त सचिव।

# सेवा संकल्प अभियान

## 17 सितंबर – 17 अक्टूबर 2026

मानीनीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना

**13 प्रमुख कार्यक्रम | त्रिस्तरीय समन्वय ढाँचा | राज्यव्यापी डेटा-बैंक**

# अभियान का मूल भाव एवं दृष्टि

## 25 वर्षों की अविरल जनसेवा का सम्मान

**सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण**: माननीय प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल में नीतिगत सुधारों, जनकल्याणकारी कार्यों व देश-प्रदेश में आए ऐतिहासिक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाना और आम जन स्मृति में स्थायित्व प्रदान करना।

**डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां** : केन्द्र सरकार के 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों से जनजीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत करना

**विकसित भारत 2047:** युवा, महिला, किसान और वंचित वर्ग को आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना।



# अभियान एक दृष्टि में

## *कार्ययोजना के चार स्तंभ*

**I**

### त्रिस्तरीय समन्वय ढाँचा

शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जिला स्तर पर नोडल व्यवस्था; साप्ताहिक समीक्षा

**II**

### डेटा संकलन एवं डिजिटलीकरण

केंद्र के 12 एवं राज्य के 10 वर्षों का त्रिस्तरीय डेटा-बैंक; परिवर्तनकारी स्थल; रील बैंक; राज्य पोर्टल।

**III**

### 13 प्रमुख कार्यक्रम

आशीर्वाद का दीया से जनसेवा महाकुंभ तक — 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक निरंतर आयोजन।

**IV**

### अन्य विशेष कार्यक्रम

प्रमुख स्मारकों पर लेजर शो, महायज्ञ एवं प्रार्थना सभाएँ, ग्राम चौपाल एवं सीधा संवाद।

| 13 | 31 | 400–500 | 150 | 25 लाख |
|---|---|---|---|---|
| प्रमुख कार्यक्रम | दिन का अभियान | सांस्कृतिक टोलियाँ | डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स | लाभार्थी कहानियाँ |

# त्रिस्तरीय प्रशासनिक एवं संगठनात्मक समन्वय ढाँचा

*सफल, समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु नोडल व्यवस्था*

## 1 शासन स्तर

- श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा: राज्य स्तरीय नोडल
- प्रमुख सचिव, नियोजन- वरिष्ठ प्रशासनिक नोडल अधिकारी: अंतर्विभागीय समन्वय, जनपद स्तर पर कार्यान्वयन का अनुश्रवण एवं राज्य स्तर पर डेटा संग्रहण

## 2 मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर

- मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना
- सचिव, मा० मुख्यमंत्री — नोडल अधिकारी
- कार्यक्रम की दैनिक प्रगति से मा० मुख्यमंत्री जी को अवगत कराना

## 3 जिला स्तर

- प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।
- संपूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का उत्तरदायित्व

### समीक्षा एवं पूर्व-तैयारी

**साप्ताहिक समीक्षा** — प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की विधिवत साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

# डेटा संकलन एवं डिजिटलीकरण (डेटा-बैंक)

*केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों की उपलब्धियों का प्रामाणिक संकलन*

## त्रिस्तरीय संकलन — विधानसभा-वार, विकासखंड-वार एवं ग्राम पंचायत-वार

- केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के पिछले 10 वर्षों में किए गए समस्त **विकास कार्यों** एवं **जनकल्याणकारी योजनाओं** का विधानसभा-वार, विकासखंड-वार एवं ग्राम पंचायत-वार विस्तृत विवरण **(कार्यवाही : संबंधित विभाग)**
- प्रत्येक लाभार्थीपरक योजना के **लाभार्थियों की विधानसभा-वार, ब्लॉक-वार एवं ग्राम पंचायत-वार अद्यतन सूची** — कोविड टीकाकरण सहित समस्त योजनाओं का कवरेज **(कार्यवाही : संबंधित विभाग)**

## वीडियो व रील डेटा-बैंक

- विकास योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों से आए सकारात्मक बदलावों पर 'पहले और बाद' (Before & After) के फोटो, वीडियो, ड्रोन फुटेज एवं रील्स का स्थायी डेटा-बैंक
- युवाओं को रील्स बनाने हेतु प्रेरित करना, उनका संकलन करना, उत्कृष्ट रील्स चिह्नित करना एवं सोशल मीडिया पर साझा करना

## राज्य स्तरीय पोर्टल का विकास

- अभियान के दौरान प्रत्येक स्तर के कार्यक्रमों के विवरण एवं प्रगति को फोटो व वीडियो सहित अपलोड करने हेतु राज्य स्तर पर पोर्टल विकसित किया जाएगा
- प्रत्येक दिन की प्रगति दैनिक रूप से इस पोर्टल पर दर्ज की जाएगी**(कार्यवाही : आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग)**

# महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं परिवर्तनकारी स्थलों का संकलन

*डेटा-बैंक का अभिन्न अंग — प्रत्येक श्रेणी का जनपदवार अभिलेखन*

### 1 प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक स्थल

श्री काशी विश्वनाथ धाम, श्री राम जन्मभूमि मंदिर (अयोध्या) एवं अन्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों, स्मारकों एवं धरोहरों का पुनर्विकास एवं जीर्णोद्धार।

### 2 अवस्थापना एवं कनेक्टिविटी

पूर्वांचल, बुंदेलखंड एवं गंगा एक्सप्रेसवे, निर्माणाधीन/प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल नेटवर्क, नए एयरपोर्ट्स, प्रेरणा स्थल, लखनऊ आदि।

### 3 शिक्षा एवं कौशल

नए राज्य विश्वविद्यालय, आयुष विश्वविद्यालय; कायाकल्प एवं अलंकार योजना के अंतर्गत संवारे गए स्कूल-कॉलेज; राजकीय ITI व पॉलिटेक्निक; अटल आवासीय विद्यालय; नए केंद्रीय एवं सैनिक स्कूल; सीएम कम्पोजिट विद्यालय।

### 4 स्वास्थ्य एवं खेल

नए मेडिकल कॉलेज, एम्स, खेल विश्वविद्यालय एवं अन्य आधुनिक खेल स्टेडियम।

### 5 पंचायती राज एवं सुशासन

ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन, डिजिटल लाइब्रेरी, उत्सव भवन, अमृत सरोवर, पार्क, ओपन जिम आदि।

### 6 ODOP

एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) तथा स्थानीय उद्यमियों व लाभार्थियों की सक्सेस स्टोरी;

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भूमिका

*संपूर्ण अभियान के दौरान सूचना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी*

### 1 मीडिया कवरेज

राज्य स्तर एवं स्थानीय स्तर पर समस्त कार्यक्रमों का मीडिया के सभी माध्यमों में प्रभावी कवरेज सुनिश्चित करना।

### 2 सफलता की कहानियाँ

सफलता की कहानियों का मीडिया में अधिक से अधिक प्रसार; युवाओं एवं विभागों द्वारा बनाई गई बदलाव की कहानियों पर आधारित रील्स का व्यापक प्रसारण।

### 3 प्रिंट मीडिया समन्वय

राज्य एवं जिला स्तर के समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं तथा विभिन्न संस्थानों की पत्रिकाओं के साथ समन्वय कर अभियान को जन-जन तक जोड़ना।

### 4 लेख एवं साक्षात्कार

केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रभावी लेख एवं साक्षात्कार आदि की योजना बनाकर लागू करना।

### 5 सोशल मीडिया कार्ययोजना

सोशल मीडिया हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करना तथा ऑर्गेनिक इन्फ्लुएंसर्स के प्रभावी जुड़ाव की योजना बनाना।

### 6 इन्फ्लुएंसर्स का प्रबंधन

अन्य राज्यों से आने वाले इन्फ्लुएंसर्स को सक्सेस स्टोरी एवं प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराने की व्यवस्था शासन द्वारा; प्रदेश से बाहर जाने वाले इन्फ्लुएंसर्स की सूची तैयार कर उनसे वार्ता करना।

# प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना

*13 कार्यक्रम — उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ, दायित्व एवं क्रियान्वयन रणनीति*

1. **आशीर्वाद का दीया**
   17 सितंबर, सायं 7:00
2. **25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत**
   17 सितंबर – 7 अक्टूबर
3. **नमो सेवा गाथा**
   नुक्कड़ नाट्य मंचन
4. **आंगन का उत्सव**
   25 सितंबर – 7 अक्टूबर
5. **कहानी बदलाव की**
   डिजिटल व रील अभियान
6. **विकसित भारत संकल्प यात्रा**
   इन्फ्लुएंसर्स कनेक्ट
7. **सेवा ज्योति यात्रा**
   7 अक्टूबर
8. **वडनगर से वाराणसी यात्रा**
   जल, जन और सेवा संकल्प
9. **सेवा मेरा योगदान**
   17 सितंबर – 17 अक्टूबर
10. **सेवा सेतु अभियान**
    सरकार आपके द्वार
11. **रंगोली राष्ट्र**
    घर-घर से राष्ट्र तक
12. **राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज**
    5 राष्ट्रीय केंद्र
13. **जनसेवा महाकुंभ**
    17 अक्टूबर

# 1 आशीर्वाद का दीया

***17 सितंबर 2026, सायं 7:00 बजे***

**उद्देश्य** 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना और विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक दीप प्रज्वलित करना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड में दिन में दिव्यांग कल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए जाए।
- केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित परिवार द्वारा सायं 7 बजे अपने घर में दीप प्रज्वलन करेंगे
- सभी विभागों के लाभार्थियों की सूची ब्लॉक / ग्राम पंचायत, वार्ड/ मोहल्ला स्तर पर तैयार कराई जाए
- प्रदेश के सभी प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, नदी घाटों, प्रमुख मंदिरों, पार्कों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों में विशेष दीप प्रज्वलन
- माननीय मुख्यमंत्री जी, मंत्रीगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधि, इन्फ्लुएंसर एवं आम नागरिक #आशीर्वाद_का_दीया हैशटैग के साथ फोटो/वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करेंगे

**संबंधित विभाग एवं सहभागी**

**नोडल विभाग (ग्रामीण क्षेत्र)**
**पंचायती राज विभाग**

**नोडल विभाग (शहरी क्षेत्र)**
**नगर विकास विभाग**

**अन्य विभाग: समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं वाले विभाग; अवस्थापना से संबंधित विभाग; सूचना विभाग**

# 2 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत

*17 सितंबर – 7 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** बच्चों की कल्पना के माध्यम से 25 वर्षों के सेवा कार्य एवं विकसित भारत की संकल्पना को प्रत्येक परिवार तक पहुँचाया जाना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- स्तर 1 (विद्यालय): प्रत्येक शासकीय एवं निजी विद्यालय में कक्षा 5–8 हेतु ड्राइंग तथा कक्षा 9–12 हेतु भाषण प्रतियोगिता; विद्यालय/ ब्लॉक स्तर की ड्राइंग प्रदर्शनी में अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे
- स्तर 2 (जिला): सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग्स का चयन करते हुए जिला स्तरीय प्रदर्शनी, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे
- स्तर 3 (राज्य): राज्य स्तरीय भव्य प्रदर्शनी, जिसमें मा० मंत्रीगण उपस्थित रहेंगे
- उच्च शिक्षा संसाधनों में intellectuals का युवाओं से संवाद तथा विकसित भारत-विकसित उप्र की थीम पर वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।
- प्रतियोगिताओं में अभिभावकों एवं ग्रामीणों / नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:**
माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग

**सहभागी:** स्थानीय जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि

# 3 नमो सेवा गाथा

*नुक्कड़ नाट्य मंचन*

**उद्देश्य** 25 वर्षों के सेवा कार्य, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं एवं देश में आए बदलाव की कहानी को सरल, भावनात्मक एवं संगीतपूर्ण नाटक के माध्यम से गाँव-गाँव एवं शहर तक पहुँचाना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- 25 से 30 मिनट की मानकीकृत रिकॉर्डेड प्ले / ऑडियो, जो केंद्र से उपलब्ध कराया जाएगा, पर आधारित सांस्कृतिक नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति
- संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में 400 से 500 सांस्कृतिक टोलियों का गठन
- ग्राम पंचायत स्तर, सामुदायिक केंद्रों एवं विद्यालयों सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मंचन
- 2 अक्टूबर को प्रदेश के प्रमुख स्थलों पर विशेष एवं व्यापक मंचन

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** संस्कृति विभाग

**अन्य विभाग एवं संस्थान:**
युवा कल्याण विभाग,
ललित कला संस्थान,
भारतेन्दु नाट्य अकादमी,
भातखंडे संस्कृति विश्विद्यालय
पंचायती राज विभाग,
नगर विकास विभाग आदि

# 4 आंगन का उत्सव

*25 सितंबर – 7 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सार्वजनिक सम्मान तथा माताओं तक पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में पहुँचाना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 दिवसीय उत्सव एवं संवाद कार्यक्रम
- आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं उत्कृष्ट लाभार्थी माताओं का सार्वजनिक सम्मान
- 25 वर्षों में महिला एवं बाल विकास नीतियों से आए बदलावों की सरल भाषा में जानकारी
- हेल्थी बेबी प्रतियोगिताओं का आयोजन
- बच्चों को कॉमिक बुक्स, पौष्टिक फल एवं मिठाई का वितरण
- अतिरिक्त पोषाहार / सामग्री वितरण की व्यवस्था

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** महिला, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग

**अन्य विभाग:** स्वास्थ्य विभाग आदि

# 5 कहानी बदलाव की

*डिजिटल व रील अभियान*

**उद्देश्य** सरकार की योजनाओं से जिन नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, ऐसे नागरिकों की वास्तविक कहानी देश के सामने लाना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रदेश की वृहद अवस्थापना एवं जनोपयोगी परियोजनाओं / योजनाओं से 25 लाख लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर 60 सेकंड की रील्स
- लाभार्थियों से छोटे एवं सरल वीडियो रिकॉर्ड कराना, जिनमें नाम, स्थान, जिला, योजना दर्ज हो — 60 सेकंड की कहानी बनाने हेतु प्रेरित करना
- ग्राम स्तर से राज्य स्तर पर समस्त विभागों की योजनाओं एवं परियोजनाओं से हुए बदलाव के रील बनाई जाए एवं युवाओं को बनाने के लिए प्रेरित किया जाए।
- आवास, शौचालय, स्कूल, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, लाइब्रेरी, उत्सव भवन से लेकर एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट्स, इनलैंड पोर्ट, मेट्रो, RRTS, विश्विद्यालय आदि
- माननीय मुख्यमंत्री जी, मा० मंत्रीगण, मा० विधायकगण एवं लाभार्थी स्वयं रील बनाकर आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करेंगे

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग

**अन्य विभाग:** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, एमएसएमई विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, कल्याणकारी योजनाओं वाले समस्त विभाग

**समस्त जनप्रतिनिधि**

# 6 विकसित भारत संकल्प यात्रा

## इन्फ्लुएंसर्स कनेक्ट

**उद्देश्य** प्रदेश के इन्फ्लुएंसर एवं डिजिटल कंटेंट क्रिएटर को उन स्थानों पर ले जाना जहाँ बड़े बदलाव परिलक्षित हो रहे हैं, ताकि वे स्वयं देखकर उसकी कहानी देश को बताएँ।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- 150 प्रमुख डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स, पॉडकास्टर्स एवं व्लॉगर्स को प्रदेश के विभिन्न अंचलों एवं परिवर्तनकारी परियोजनाओं का भ्रमण कराना
- विकास स्थलों के 'पहले और बाद' के वास्तविक संदर्भ का अध्ययन कर प्रामाणिक कंटेंट, वीडियो एवं पॉडकास्ट का निर्माण तथा प्रसारण
- प्रमुख स्थलों एवं परियोजनाओं का चयन कर टीमें भेजने की व्यवस्था — उदाहरणार्थ प्रेरणा स्थल, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, BIDA झाँसी, राम मंदिर, काशी कॉरिडोर, खेल विश्वविद्यालय मेरठ, महिला पुलिस अकादमी, डिफेंस कॉरिडोर, उत्तर प्रदेश राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान (UPSIFS) लखनऊ आदि
- अन्य राज्यों से आने वाले इन्फ्लुएंसर्स को सक्सेस स्टोरी एवं प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जाना।
- प्रदेश से बाहर जाने वाले इन्फ्लुएंसर्स की सूची तैयार करनी है तथा उनसे वार्ता की जानी है

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

**नोडल विभाग:** सूचना विभाग

**अन्य विभाग:** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग; पर्यटन, धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति विभाग तथा वे समस्त विभाग जहाँ शासकीय परियोजनाओं से व्यापक बदलाव आया है

# 7 सेवा ज्योति यात्रा

*7 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना और विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लेना; ज्योति सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा की पहचान बने।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रत्येक जनपद के एक प्रमुख चौराहे पर स्थायी / अखंड 'सेवा ज्योति' की स्थापना का प्रयास
- जनपद के विभिन्न कोनों से पैदल, साइकिल एवं बाइक रैलियों का मुख्य चौराहे पर आगमन
- बड़ी एलईडी स्क्रीन पर माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण
- 'विकसित भारत 2047' का सामूहिक संकल्प
- सफ़ाई, स्वच्छता एवं भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जाए।

**संबंधित विभाग:**
जिला प्रशासन,
पुलिस विभाग,
युवा कल्याण विभाग,
खेल विभाग

**सहभागी**
सामाजिक संगठन आदि

# 8 वडनगर से वाराणसी यात्रा

*जल, जन और सेवा संकल्प*

**उद्देश्य** पवित्र जल के आदान-प्रदान के माध्यम से प्रधानमंत्री जी की जन्मभूमि और कर्मभूमि को जोड़ना तथा मार्ग के गाँवों में सेवा और विकास पर सहज संवाद करना।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- वाराणसी से 250 बाइक एवं 500 यात्री गंगाजल लेकर वडनगर जाएँगे
- कुल 20 टोलियाँ — 10 टोली वडनगर से काशी तथा 10 टोली काशी से वडनगर — 10 भिन्न मार्गों से प्रस्थान करेंगी
- प्रत्येक टोली के साथ आधुनिक LED वाहन, प्रचार सामग्री एवं संवाद टीम होगी
- गुजरात की पवित्र नदियों व शर्मिष्ठा तालाब के जल से काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक तथा काशी के गंगाजल से वडनगर के हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक
- प्रतिदिन 60–80 ग्रामीण / शहरी पड़ावों पर जनसंवाद एवं योजनाओं का प्रचार
- उत्तर प्रदेश में यात्रा के फ्लैग-ऑफ / समापन सत्र में मा० मुख्यमंत्री जी

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

संस्कृति विभाग, गृह विभाग, जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग, सूचना विभाग आदि

# 9 सेवा मेरा योगदान

*17 सितंबर – 17 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** **प्रत्येक नागरिक 25 वर्षों के 25 सेवा कार्यों में से किसी एक से जुड़कर समाज सेवा में अपना योगदान दे।**

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- 25 निर्धारित सेवा गतिविधियों में व्यापक जन सहभागिता — स्वच्छता अभियान, नदी घाट सफाई, सघन वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, वंचित बच्चों को शिक्षा सहयोग, करियर काउंसलिंग, अंगदान संकल्प, नशा मुक्त भारत, मतदाता जागरूकता, वोकल फॉर लोकल, गौशाला, स्कूल एवं सरकारी योजनाओं की जागरूकता आदि
- प्रत्येक विधानसभा में न्यूनतम 2 स्थलों का कायाकल्प (Visible Facelifting)
- नागरिक कम से कम 25 मिनट श्रमदान कर My Bharat Portal पर वीडियो / तस्वीर अपलोड कर डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त करेंगे।

## संबंधित विभाग एवं सहभागी

**संबंधित विभाग: नगर विकास, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य, जिला प्रशासन, समस्त शिक्षा विभाग आदि**

**सहभागी**

NCC

NSS

My Bharat Volunteers

Reputed NGOs

# 10 सेवा सेतु अभियान — सरकार आपके द्वार

## *विकासखंड स्तरीय 7 दिवसीय शिविर*

**उद्देश्य** **नागरिक से लाभार्थी तक, एक ही स्थान पर: प्रत्येक नागरिक को सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाए बिना मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिले।**

### मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- प्रत्येक विकासखंड स्तर पर 7 दिवसीय बहुउद्देशीय सेवा शिविरों / स्टॉल्स का आयोजन
- इस अवसर पर स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया जाएगा
- केंद्र एवं राज्य की समस्त योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध
- ऑन-द-स्पॉट फॉर्म भरना एवं पात्रता सत्यापन
- शिविर के अंत तक योजना के अंतर्गत पात्रता के आधार पर स्वीकृति: 100% सैचुरेशन का लक्ष्य

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

संबंधित विभाग
राजस्व विभाग
पुलिस विभाग
समाज कल्याण विभाग
पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
महिला एवं बाल विकास विभाग
दिव्यांग कल्याण विभाग
ग्राम्य विकास विभाग
पंचायती राज विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

तथा समस्त सेवा प्रदाता विभाग

# 11 रंगोली राष्ट्र एवं घर-घर से राष्ट्र तक

*ह्यूमन रंगोली एवं भारत मंडल*

**उद्देश्य** आभार और संकल्प की रंगोली, जिसमें प्रधानमंत्री जी की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक और विकसित भारत का सपना दर्शाया जाए।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- चिन्हित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 108 मीटर व्यास का ‘भारत मंडल’ एवं भव्य ह्यूमन रंगोली का निर्माण
- थीम — प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047
- केवल प्राकृतिक सामग्री का उपयोग — फूल, प्राकृतिक रंग, अनाज एवं मिट्टी
- ड्रोन एवं एरियल कवरेज

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

सहभागी: महिला स्वयं सहायता समूह (SHG)
स्थानीय कलाकार
युवा वर्ग

# 12 राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज

*देश के 5 प्रमुख केंद्रों पर आयोजन*

**उद्देश्य** **देश के युवाओं, विद्यार्थियों , स्टार्टअप , प्रोफेशनल , कॉर्पोरेट इनोवेटर तथा जमीनी स्तर पर नए समाधान विकसित करने वाले लोगों को एक मंच पर जोड़ना।**

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- देश के 5 प्रमुख केंद्रों (दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, महाराष्ट्र, गुजरात) पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी
- राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, ITI एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में छात्रों का व्यापक ओरिएंटेशन एवं मोटिवेशन
- प्रत्येक केंद्र पर उस क्षेत्र के श्रेष्ठ इनोवेटर आमंत्रित हों; शिक्षा संस्थान, स्टार्टअप नेटवर्क, इनक्यूबेशन सेंटर एवं निजी कंपनियाँ सहभागी बनें
- ऑनलाइन आवेदन से चयन; चयनित इनोवेटर जूरी एवं विशेषज्ञों के समक्ष अपना समाधान प्रस्तुत करें
- प्रत्येक केंद्र से श्रेष्ठ इनोवेशन राष्ट्रीय अंतिम चरण के लिए चुने जाएँ
- कार्यक्रम में प्रदर्शनी, लाइव डेमो, युवा संवाद, विशेषज्ञ सत्र एवं पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ
- प्रत्येक केंद्र पर स्थानीय स्थिति अनुसार एक विशेष सार्वजनिक आकर्षण — जैसे ह्यूमन परफॉर्मेंस अथवा सामाजिक सहभागिता वाले कार्यक्रम — भी आयोजित किए जाएँ

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

संबंधित विभाग: आई.टी. विभाग प्राविधिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, व्यावसायिक शिक्षा विभाग

सहभागी:
स्टार्टअप सेल

# 13 जनसेवा महाकुंभ — पंचायत से पार्लियामेंट

*17 अक्टूबर 2026*

**उद्देश्य** देश भर से आए प्रधान / सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि सुशासन और सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री जी का सम्मान करें और विकसित भारत का संकल्प लें।

## मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन

- ग्राम प्रधान / सरपंच से लेकर संसद सदस्यों (सांसदों) तक के जनप्रतिनिधियों का राष्ट्रीय समागम
- माननीय प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सेवा कार्यकाल पर अभिनंदन प्रस्ताव पारित करना
- 1.25 लाख प्रतिनिधियों द्वारा वंदे मातरम् का सामूहिक गान एवं 2047 विकसित भारत का संकल्प
- सभी 1.25 लाख जनप्रतिनिधियों द्वारा वंदे मातरम् का गायन कर गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाएगा
- 25 वर्षों के सेवाकाल पर वीडियो प्रदर्शन; सेवा कार्यों एवं विकसित भारत के संकल्प पर प्रस्ताव वरिष्ठ मा० केंद्रीय मंत्रीगण प्रस्तुत करेंगे और सभी प्रतिनिधि एक स्वर में समर्थन करेंगे
- सरपंच से संसद तक लगभग 10 जनप्रतिनिधियों के अनुभव कथन, जिसमें महिला एवं युवा सहित सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी

### संबंधित विभाग एवं सहभागी

संबंधित विभाग: पंचायती राज विभाग
संसदीय कार्य विभाग

सहभागी
समस्त जनप्रतिनिधि

# अन्य विशेष कार्यक्रम

*अभियान के 13 प्रमुख कार्यक्रमों के अतिरिक्त*

1

### प्रमुख स्मारकों पर लेजर शो

नमो सेवा की थीम पर प्रदेश के ऐतिहासिक एवं लोकप्रिय स्मारकों / पर्यटक स्थलों का चयन कर 25 वर्षों की ऐतिहासिक विकास यात्रा को दर्शाने वाले भव्य लेजर शो का आयोजन किया जाएगा।

**पर्यटन एवं संस्कृति विभाग**

2

### महायज्ञ एवं प्रार्थना सभाएँ

प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों एवं शक्तिपीठों में राष्ट्र कल्याण, शांति एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु महायज्ञ एवं विशेष अनुष्ठान का आयोजन ।

**धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति विभाग**

3

### ग्राम चौपाल एवं सीधा संवाद

ग्रामीण स्तर पर चौपालों का आयोजन कर योजनाओं की 100% पहुँच सुनिश्चित करना तथा जनता से सीधा फीडबैक एवं सुझाव संकलित करना।

**पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग**

# अभियान समयरेखा

*प्रमुख तिथियाँ एवं आयोजन*

| 10 सितंबर तक | 17 सितंबर | 25 सितंबर – 7 अक्टूबर | 2 अक्टूबर | 7 अक्टूबर | 17 अक्टूबर |
|---|---|---|---|---|---|
| तैयारी एवं कार्य योजना बैठक; समस्त जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण<br><br>डेटा-बैंक एवं **लाभार्थी सूची की तैयारी** | अभियान का शुभारंभ - **आशीर्वाद का दीया** (सायं 7:00);<br>**- 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत** तथा **-सेवा मेरा योगदान** का प्रारंभ | **आंगन का उत्सव**<br><br>— प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 दिवसीय आयोजन | **नमो सेवा गाथा**<br><br>— प्रदेश के प्रमुख स्थलों पर विशेष एवं व्यापक मंचन | **सेवा ज्योति यात्रा**<br><br>— प्रत्येक जनपद के प्रमुख चौराहे पर सेवा ज्योति की स्थापना एवं सामूहिक संकल्प | **जनसेवा महाकुंभ**<br><br>— पंचायत से पार्लियामेंट; अभियान का समापन |

## निरंतर चलने वाले कार्यक्रम (17 सितंबर – 17 अक्टूबर)

सेवा मेरा योगदान • कहानी बदलाव की • सेवा सेतु अभियान • विकसित भारत संकल्प यात्रा • वडनगर से वाराणसी यात्रा • नमो सेवा गाथा • रंगोली राष्ट्र • राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज • लेजर शो, महायज्ञ एवं ग्राम चौपाल

# धन्यवाद